

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

सोमवार

3 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


### अष्टमी महागौरी



महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।
या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## भोजपुर में कलाकारों ने किया शास्त्रीय संगीत की बंदिशों से मां भगवती के नौ रूपों का चित्रण



**आरा।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर गीत संगीत के उत्सव का वातावरण अद्भुत है। चारों और डांडिया और गरबा की धूम के बीच शास्त्रीय संगीत के बंदिशों से देवी भगवती के नौ रूप का चित्रण साधना और आराधना का संगम है।

उक्त बातें वरिष्ठ संगीत चिंतक सुशील कुमार ने कहीं। अवसर था स्थानीय आश्रम परिसर में महासप्तमी संगीत पूजन सह उत्सव का। आरा की एक प्राचीन परंपरा के अंतर्गत कला सिद्धि हेतु विगत कई वर्षों से आरा के संगीतज्ञों द्वारा यह सभा की जाती है। इस अवसर पर श्रेया पाण्डेय, चंदा कुमारी, नीतीश पाण्डेय व निमेश राज ने राग चारुकेशी में विलंबित झपताल की बंदिश दुर्गे दया करो मोहपे मोरी भय हरो....... तीन ताल की बंदिश भयहरनी देवी भगवती माता व एकताल की बंदिश जय जय जगजननी देवी भयहरनी कालिका प्रस्तुत कर समां बांधा। वहीं, अमन पांडेय व आयुष पांडेय ने स्वतंत्र तबला वादन में बनारस घराने व दिल्ली घराने की शैली को प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

वहीं विदुषी विमला देवी व श्री महेश यादव ने राग दुर्गा में भगवती की बंदिश व राग भैरवी में भवानी दयानी महवा की वाणी....... प्रस्तुत कर मां की आराधना की। कथक गुरु अमित कुमार व खुशी कुमारी गुप्ता ने ताल पंच परमेश्वरी में उठान, आमद, परन, तोड़ा आदि प्रस्तुत कर तालियां बटोरी।

वरिष्ठ तबला वादक श्री राणा प्रताप सिन्हा ने तबला वादन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन गुरु बक्शी विकास व धन्यवाद ज्ञापन रविशंकर ने किया।

# सियासत का खेल : नीतीश कुमार ने कृषी मंत्री के इस्तीफे को किया स्वीकार

- कानून मंत्री के बाद अब राज्य के कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने छोड़ा मंत्री पद
- जगतानंद सिंह के बेटे हैं सुधाकर सिंह, सख्ते में राजद
- क्या अपने मंत्री के अपमान का बदला लेगी पार्टी!



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में इन दिनों सियासती गलियारे में प्रतिदिन हलचल देखने को मिल रहा है। रविवार को राज्य के कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को सौंपा। जिसकी वजह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी बताई जा रही है। कृषि मंत्री के इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री ने उसे स्वीकार करते हुए राज्यपाल को अपनी अनुशंसा भेज दी है। वहीं, मुख्यमंत्री ने राज्य पर्यटन मंत्री कुमार सर्वजीत को कृषि विभाग और पर्यटन विभाग का प्रभार उप मुख्यमंत्री तेजस्वी को आवंटित किया गया। बताया जाता है कि सुधाकर सिंह बीते कुछ दिनों से अपने बयानों को लेकर विवादों से घिरे रह रहे थे। जिसके कारण मुख्यमंत्री की नाराजगी उन पर बढ़ती जा रही थी। इधर, बेटे के इस्तीफे से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतानंद सिंह ने मामले में कोई विशेष टिप्पणी नहीं की। उन्होंने बस यही कहा कि राजद नहीं चाहता अब कोई भी विवाद आगे हो। जिसके लिए यह निर्णय लिया है। अब देखना यह है राजद इस मुद्दे को किस प्रकार से लेता है। हालांकि, सुधाकर सिंह के इस्तीफे से राजद सख्ते में दिख रही है।

वहीं, दूसरी ओर जदयू से अलग होने के बाद भाजपा को ऐसे मौकों की तलाश में बैठी रहती है। ऐसे में इस घटना के बाद एक बार फिर सुशील मोदी ने ट्वीट कर लिखा है कि पिछले 32 दिनों के अंदर बिहार सरकार का दूसरा विकेट गिरा। अभी नीतीश कुमार की और फजीहत होना बाकी है। यह लड़ाई अब जगता बाबू बनाम नीतीश कुमार की लड़ाई में बदल गई है। अगला विकेट जगता बाबू का भी हो सकता है? इस्तीफा दोनों मंत्री राजद कोटे के मंत्री थे। इससे पहले 31 अगस्त को पूर्व कानून मंत्री कार्तिक सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। वो अपहरण के एक केस में कोर्ट की नजर में फरार थे। अब कृषि मंत्री ने अपना त्याग पत्र दिया है।

### कृषि मंत्री के इस्तीफे के प्रमुख कारण है

- कृषि मंत्री बनने के बाद बिहार में किसानों के हित के लिए नया मंडी कानून लागू करने की बात कहा था। यह भी कहा था कि बिहार के बाजार समितियों को डेवलप कर मल्टीकंपलेक्स मंडी बनाया जाएगा। यहां अनाज से लेकर सब्जियां फल मांस मछली दूध का क्रय-विक्रय होगा। दूसरा विभाग में व्याप्त संस्थागत भ्रष्टाचार।
- वह संस्थागत भ्रष्टाचार को खत्म करना चाह रहे थे लेकिन कोई कार्रवाई होता नहीं देख उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है। तीसरी बड़ी वजह यह है कि बिहार में उत्पादित अनाज का की खरीद केवल एक केंद्र पर होता था, जिसे खत्म कर अनाज बिक्री का विकेंद्रीकरण करना चाह रहे थे।
- 2011 से अब तक सरकार ने दो कृषि रोड मैप किसानों की आमदनी और उपज बढ़ाने के लिए लेकर आई थी। लेकिन, वित्तीय वर्ष 2011-12 से वित्तीय वर्ष 2021-2022 तक बिहार का अनाज उत्पादन एक लाख मेट्रिक टन घटा है। 2011-12 में बिहार एक करोड़ 77 लाख मेट्रिक टन अनाज का उत्पादन करता था। 2021-22 में 100000 मेट्रिक टन उत्पादन घट गया। वित्तीय वर्ष 2021 22 में बिहार का उत्पादन एक करोड़ 76 लाख मैट्रिक टन हो गया।

### ॐ महागौर्ये नमः



*जिले के डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप स्थित नव दुर्गा मंदिर में नवरात्र के अवसर पर दिखा माता का अलौकिक रूप।*

## हत्या या आत्महत्या : जांच में जुटी पुलिस, एफआईआर का इन्तजार

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के मुफ़स्सिल थाना अंतर्गत बनारपुर में 24 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैली हुई है। मृतक का नाम बनारपुर निवासी लालबिहारी राम का बेटा संजय राम बताया जा रहा है। घटना रविवार की दोपहर 2.30 बजे की आसपास की है। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। जिसके बाद इसकी खबर पुलिस तक भी पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस आननफानन में मौका-ए-वारदात पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने पाया कि मृतक युवक के गले मे फंदे का निशान था। उसके बाद आसपास के इलाके की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के पिता ने बताया कि वो मवेशी के लिए खेतों में घास काटने गए थे। लौटते समय उन्होंने घर से कुछ ही दूरी पर संजय का शव मिला। जिसके बाद उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बेटा का शव देख वो दहाड़ मारकर रोने लगे, जिसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने अपने पड़ोसी पर ही हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। यह भी बताया जाता है कि उक्त पड़ोसी से सुबह झगड़ा भी हुआ था। जबकि ग्रामीणों में चर्चा है कि मामला प्रेम-प्रसंग है। बताया जाता है कि संजय राम प्रेम-प्रसंग में दो माह पहले घर से फरार भी हुआ था।

हालांकि, मामला जो हो, अब हत्या है की आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक स्थानीय युवक का शव मिला, सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लिया गया।

## एसपी की अनुशंसा पर डीएम ने किए चार शस्त्रों का लाइसेंस रद्द

**बक्सर।** लाइसेंसी शस्त्र लोगों को उनकी सुरक्षा के लिए प्रदान किए जाते हैं। उसका गलत प्रयोग करना मुसीबत खड़ी कर सकता है। ऐसा करने वाले चार लोगों के लाइसेंस को रद्द कर दिया गया है। डीएम कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार एसपी द्वारा चार लोगों के खिलाफ डीएम को अनुशंसा भेजी गई थी। उनके अनुमोदन पर यह कार्रवाई हुई है। सूचना के अनुसार इनमें से दो लाइसेंस धारक इटाढ़ी तथा एक-एक कृष्णाब्रह्म व सिमरी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। विभिन्न थाना कांडों में संलिप्त शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों के शस्त्र अनुज्ञप्तियों को शस्त्र अधिनियम 1959 एवं शस्त्र नियमावली 2016 में वर्णित प्रावधानों तथा शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में डीएम द्वारा तत्काल प्रभाव में रद्द कर दिया गया है।

## दिल्ली की बड़ी कंपनी के वेयरहाउस से गायब 50 लाख का सामान जहानाबाद से बरामद

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले में रविवार को बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें देश की राजधानी नई दिल्ली की एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपन के वेयरहाउस से गायब सामान की बरामदगी जहानाबाद से की गई है। जिसके बाद इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है। जिसके लिए दिल्ली के कीर्ति नगर थाना और जहानाबाद के हुलासगंज थाना की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जहानाबाद के कोकरसा पंचायत स्थित नारायणपुर गांव के दो घरों में छापेमारी की गई। जहां से पुलिस ने उक्त मल्टीनेशनल कंपनी का लगभग पचास लाख रुपये मूल्य के म्यूजिक एवं लाईट सिस्टम का सामना बरामद कर लिया गया।

**कंपनी के डीलर द्वारा दर्ज कराई थी प्राथमिकी :** दरअसल में तकरीबन एक सप्ताह पूर्व दिल्ली के कीर्ति नगर स्थित कंपनी के वेयर हाउस से सामना गायब हो गया था। इस संबंध में कीर्ति नगर थाने मे कंपनी के डीलर द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम मे पुलिस को यह पुख्ता सबूत मिल गया कि इस कांड मे हुलास गंज थाना अंतर्गत नारायणपुर निवासी गोरे लाल यादव के साथ अन्य लोगों के सहयोग से सामना गायब हुआ है। दिल्ली पुलिस के रिकार्ड में गोरेलाल एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और उसके बारे में दिल्ली पुलिस ने पुख्ता जानकारी एकत्र करने के बाद गोरेलाल बिहार स्थित जहानाबाद के हुलासगंज थाना के नारायण पुर गांव में हुलासगंज थाने के सहयोग से छापेमारी की।

## माइक्रो फाईलेरिया की दर जानने के लिए लैब टेक्नीशियन को किया गया प्रशिक्षित

# सीएचओ अब फाईलेरिया उन्मूलन अभियान में करेंगे सहयोग

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार से फाईलेरिया उन्मूलन के लिए अब स्वास्थ्य विभाग जिला ही नहीं, बल्कि प्रखंड स्तर पर एक विशेष रणनीति बनाकर काम कर रहा है। प्रदेश में कार्यरत सभी सीएचओ अब फाईलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग करेंगे राज्य में हाल के दिनों में सभी प्रखंडों में कम्युनिटी हेल्थ आफिशियल्स ;सीएचओ बहाल किए गए थे। अतः जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। अब इस मुहिम में सभी कम्युनिटी हेल्थ आफिशियल्स अपनी-अपनी शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। इन कार्यों के लिए इन्हें जल्द प्रशिक्षित करने का निर्देश जाएंगे। ताकि, प्रदेश से फाईलेरिया बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। इसीलिए बीते माह राज्य के सभी वेक्टर बोर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी को प्रखंड स्तर पर होने वाले रात्रि रक्त पट्ट संग्रहण (नाइट ब्लड सर्वे) को लेकर पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में कई निम्न सुझाव दिए गए थे। जिसका क्रियान्वयन सभी जिला को करना है। इस अभियान में जिन-जिन कर्मियों की सहभागिता होगी। उन कर्मियों को प्रशिक्षित व कार्य में लगाए जाने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

**पहली बार प्रखंड स्तर पर बनाई गई रणनीति :** ज्ञात हो कि राज्य से फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए पहली बार प्रखंड स्तर पर रणनीति अपनाई जा रही है। दरअसल, प्रखंड स्तरीय बेसलाइन डाटा बनाने के लिए प्रस्तावित रात्रि रक्त सर्वेक्षण की जरूरत पड़ी। चूंकि लाइन-लिस्टिंग इस गतिविधि का आधार है। इसलिए इसकी समीक्षा व प्रस्थापना उच्च स्तर पर की जाय। क्योंकि प्रखंड स्तर पर एलएफ मरीजों की लाइन-लिस्टिंग के लिए सभी जिला को निर्देश किया गया है कि इसकी सूचना समय पर राज्य कार्यालय को भेज दें। इस लाइन लिस्टिंग कार्य हेतु आशा या जीविका तथा आंगनबाड़ी को भी साथ में रहकर आवश्यकतानुसार सहयोग लिया जाएगा। ताकि समय से लाइन-लिस्टिंग के कार्य को पूरा किया जा सके।

**लैब टेक्नीशिन की भूमिका होगी अहम :** प्रखंड स्तर पर एनबीएस के द्वारा माइक्रो फाईलेरिया की दर को जानने की प्रक्रिया में प्रशिक्षित लैब टेक्नीशिन की भूमिका अहम होगी। क्योंकि प्रशिक्षण के बाद प्रखंड व शहरी क्षेत्र में उपलब्ध लैब टेक्नीशिन की सक्रियता व भागीदारी अभियान में अहम हो जाती है। इसके अलावा जिन प्रखंड या शहरी क्षेत्रों में लैब टेक्नीशिन नहीं हैं। वहां पर ;नाइड ब्लड सर्वेद्ध एनबीएस गतिविधि के दौरान आवश्यकतानुसाार भागीदारी हेतु उनकी नियुक्ति किया जाएगा।

**जिलाधिकारी को कार्यक्रम की प्रगति से कराएं अवगत :** राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक ने पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित है कि सभी जिलों की यह जिम्मेदारी होगी कि उक्त कार्यक्रम के बारे में अपने जिले के जिलाधिकारी को अवगत कराएं। साथ ही जरूरत पड़ने पर उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकते हैं। ताकि, राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके। इसके अलावा राज्य के सभी जिलों के असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि जिन जिलों में एमडीए की गतिविधि नहीं हो रही है। वहां भी फाईलेरिया संदेहास्पद मरीजों को चिहिन्त कर लाइन-लिस्टिंग हेतु आशा कार्यकर्ता को लगाया जाए।

## शहर छोटी खबरें

### सांसद छेदी पासवान के साथ कार्यकर्ताओं ने मौन धारन किया

**सासाराम।** जिला मुख्यालय स्थित धर्मशाला मोड़ के समीप गांधी स्मारक के निकट भाजपा सांसद छेदी पासवान ने आज कार्यकर्ताओं के साथ 15 मिनट का मौन धारण किया। इससे पहले सांसद ने सासाराम के सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल का भी वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज महात्मा गांधी की जयंती है। ऐसे में वह लोग बापू के प्रतिमा के समक्ष मौन धारण कर बैठे हैं। यह संदेश देने का काम कर रहे हैं कि जिस तरह से राजनीति में शुचिता का अभाव हो गया है। लोग कुर्सी के लिए सिद्धांतों की बलि चढ़ा रहे हैं। राजनीति में नीति सिद्धांत खत्म होता जा रहा है तथा सत्ता के लिए लोग विचार धाराओं से समझौता कर रहे हैं। बापू का सपना था कि शराबबंदी हो, लेकिन बिहार में सिर्फ कागजों पर शराबबंदी हैं। खुलेआम प्रदेश के हर गांव में शराब की बिक्री हो रही है। इन तमाम मुद्दों को लेकर भाजपा सांसद अपने कार्यकर्ताओं के साथ 15 मिनट तक महात्मा गांधी का स्मारक के समय मौन धारण किया।

### सनकी पति ने पत्नी और बेटे को कुल्हाड़ी से काट डाला

**कैमूर।** जिले के अधौरा में एक सनकी पति ने अपनी ही पत्नी और बेटे को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना के पीछे घरेलू कलह बताया जा रहा है। मृतका के बड़े बेटे सिकंदर ने बताया कि शनिवार की रात मेरे पिताजी मेरी मां को कुल्हाड़ी से मारने लगे और मां को बचाने के लिए मेरा छोटा भाई गया तो उसे भी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी इसके बाद मेरी मां को कुल्हाड़ी से मारकर मौत की नींद सुला दिए। दरअसल अधौरा थाना क्षेत्र के बघौता गांव में पति शिव प्रसाद यादव ने अपनी पत्नी कुंती देवी बेटा धीरेंद्र कुमार यादव की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना के बाद कुंती देवी का बड़ा बेटा सिकंदर कुमार यादव ने इसकी सूचना अधौरा थाना को दिया मौके पर पहुंची। अधौरा थाना पुलिस ने दोनों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ ले आई। मृतक कुंती देवी के बड़े बेटे सिकंदर ने अपने छोटे भाई धीरेंद्र और मां का पोस्टमार्टम कराया। फिर दोनों के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पुनः अधौरा लेकर चला गया।

### भाजपा ने बापू और लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती

**आरा।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन गांधी जयंती पर सदर अस्पताल स्थित गांधी जी के प्रतिमा और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन शामिल हो कर माल्यार्पण किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेम रंजन चतुर्वेदी की अध्यक्षता मे बिहार सरकार के दोषपूर्ण नीति और मद्य निषेध कानून की धज्जियां उड़ाने के खिलाफ कार्यकताओं ने गांधीवादी रूप से एक घंटा मौन प्रदर्शन किया। मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बिहार मे अपराधियों का राज आ गया है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है। नीतीश जी का मद्य निषेध अधिनियम पूरी तरह फ्लॉप हो चुका है।

## तैयारी हुई पूरी

### नवयुवक कला मंदिर बैंक कॉलोनी मोड़ आरा में माता की भव्य प्रतिमा



### नवयुवक कला मंदिर बैंक कॉलोनी मोड़ आरा का भव्य पंडाल



# मीरगंज गोलीकांड : मुख्य लाइनर सहित तीन गिरफ्तार, मास्टरमाइंड की तलाश

- टाउन व चांदी थाना क्षेत्र से पकड़े गए तीनों अपराधी, घटना में इस्तेमाल बाइक जब्त
- एकहिस्ट्रीशीटर के इशारे पर गोलीकांड को दिया गया था अंजाम, 20000 की दी गई थी सुपारी

**केटी न्यूज/आरा**



पुलिस गिरफ्त में तीनों अपराधी

जिलामुख्यालय स्थित मीरगंज गोलीकांड का राज खुल गया है। इस गोलीकांड को शहर के एक पुराने हिस्ट्रीशीटर के इशारे पर अंजाम दिया गया था। जिसमें एक शख्स को मारने और शहर में दहशत फैलाने की नीयत से गोलियां चलाई गई थी। जिसके लिए 20 हजार की सुपारी देकर चांदी इलाके से शूटरों को बुलाया गया था। दोनों गोलीबाजों और लाइनर की गिरफ्तारी के बाद कांड का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार बदमाशों में चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव निवासी हिमालय सिंह के पुत्र पुष्कर सिंह, उसी थाने के नरही गांव निवासी विंदेश्वरी राय के पुत्र अंकित कुमार और आरा के सपना सिनेमा मोड़ निवासी हरेंद्र सिंह का पुत्र शक्ति कुमार हैं। इनमें शक्ति कुमार लाइनर बताया जा रहा है। अपराधियों के पास से घटना में इस्तेमाल बाइक और तीन मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि घटना के बाद बदमाशों की पहचान और धरपकड़ को ले एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी?। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच और लोकल इनपुट के आधार पर अपराधियों की पहचान की गई। जिसके बाद उनको गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं तीनों से पूछताछ में पूरी घटना का खुलासा हुआ। गोलीकांड की साजिश रचने वाले अपराधी की पहचान कर ली गई है। जिसको पकड़ने के लिए छापेमारी जा रही है। टीम में डीआईयू इंचार्ज शंभू भगत, नगर थाना इंचार्ज अनिल कुमार सिंह, दारोगा अविनाश कुमार, डीआईयू के दारोगा अवधेश कुमार, संजय कुमार सिन्हा, और कुमार रजनीकांत शामिल थे।

**लाइनर की चूक के कारण नहीं हो सकी थी पहचान :** शुटरों ने पहले उस शक्स की तलाश की जिसे मारना था। लेकिन, वो नहीं मिला। जिसके बाद बदमाश दहशत फैलाने के लिए फायरिंग करते भाग निकले थे। एसपी ने बताया कि पुराने अपराधी द्वारा एक व्यक्ति को टारगेट किया गया था। उसके लिए चांदी थाना क्षेत्र से पैसे लेकर शूटर बुलाये गए थे। शूटरों को फिलहाल 20 हजार रुपये दिए जाने की बात सामने आयी है। इस काम के लिए लाइनर की भी मदद ली जा रही थी। लाइनर लगातार उस व्यक्ति के संपर्क में था, लेकिन घटना के दिन और वह लाइनर के संपर्क में नहीं आ सका। जिसके कारण उसकी सही से पहचान नहीं हो सकी। ऐसे में बदमाशों द्वारा दहशत पैदा करने लिए रो राउंड फायरिंग की गई। इधर, सूत्रों का कहना है कि उस शख्स को घटना की भनक लग गई थी। जिसके कारण वह उस दिन मीरगंज इलाके में नहीं गया और उसकी जान बच गई।

**बेगूसराय की तर्ज पर की गई थी फायरिंग :** उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे शहर के मीरगंज मोहल्ले में बेगूसराय गोलीकांड की तर्ज पर फायरिंग की गयी थी। तब बाइक सवार दो अपराधियों द्वारा महज 50 मीटर की दूरी में ताबड़तोड़ फायरिंग की गयी थी। लोगों के अनुसार तीन राउंड फायरिंग की गयी थी। जबकि पुलिस द्वारा दो राउंड की बात कही जा रही है। हालांकि फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी थी। घटना का वीडियो भी सामने आया था।

## सत्य, अहिंसा एवं शांति के प्रतीक थे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी : सत्येन्द्र रंजन

**केटी न्यूज/अरवल**



जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल के सभागार भवन में अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधान मंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंति उनकी तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंति श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। जयंति समारोह की अध्यक्षता अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया। जयंति समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा एवं शांति के प्रतीक थे। अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत को नींव बनाकर विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की गुलामी के जंजीर से मुक्त कराया। महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उनके द्वारा प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम पति तपावन सीता राम सभी देशवासी आदर और सम्मान के साथ गाते है। भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है, उनकी सोच थी कि हर भारतीय शिक्षित बने। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की उनकी सादगी, राष्ट्रभक्त, इमानदारी व विनम्रता के लिए आज पूरा देश श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा है। उन्होंने वर्ष 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान जय जवान जय किसान नारा दिया। मूल्यों व सिद्धांतों पर आधारित लाल बहादुर शास्त्री का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। जयंति समारोह में किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाज्ञा यादव, जिला संगठन मंत्री रमेश रजक, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक पासवान, जिला सचिव भीम पासवान, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. शशि कुमार, छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार, जय कुमार पासवान आदि मुख्य रूप से शामिल

## जनता दल यूनाइटेड पंचायती राज्य प्रकोष्ठ जिला प्रभारी बनेः कामता प्रसाद कुशवाहा



**केटी न्यूज/अरवल**

जनता दल यूनाइटेड प्रदेश अध्यक्ष पंचायती राज्य प्रकोष्ठ सह बक्सर एमएलसी माननीय राधाचरण शाह द्वारा कामता प्रसाद कुशवाहा को प्रदेश महासचिव सह जहानाबाद जिला प्रभारी एवं हृदयानंद मेहता जी को प्रदेश महासचिव बनाया गया। दोनों को प्रदेश में पदाधिकारी बनाए जाने पर प्रदेश नेतृत्व को अरवल जिला की ओर से पार्टी के समर्पित एवं निष्ठावान साथियों द्वारा ढेरों सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। बधाई देने वालों में जनता दल यूनाइटेड किसान प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव सह पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद अरवल सुभाष चन्द्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष मंजू कुशवाहा, जिला प्रवक्ता जितन शर्मा, निरंजन कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, अजय पासवान, विकास कुशवाहा, पवन कुशवाहा, कुणाल कुशवाहा, जयनाथ यादव, रमेश कुमार, मनीष कुशवाहा, विजय यादव, नीरज कुशवाहा, उपेन्द्र बर्मा, तौफीक खान, राजू चौधरी, रविंद्र सिंह, अनुग्रह सिंह, उमैर खान, रामकृपाल सिंह आदि।

### डीएम एसपी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग

# पूजा में शरारती तत्वों पर ड्रोन से रखी जाएगी नजर : डीएम

- जहानाबाद में चप्पे चप्पे पर होगा पुलिस का सख्त पहरा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी

पिछले दुर्गा पूजा में दंगे का दंश झेल चुके जहानाबाद में प्रशासन अलर्ट मोड में है। पुलिस आर प्रशासन इस बार अपनी ओर कोई भी कमी छोड़ना चाहता है। शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। रविवार को कलेक्ट्रेट के ग्राम प्लेक्स भवन में डीएम एसपी ने संयुक्त रूप से दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। जिसमें मुख्य रूप से कल से शुरू होने वाला दुर्गा पूजा मेला को लेकर सभी पदाधिकारी को निर्देशित को डीएम एसपी में टास्क सौंप दिए। सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से नजर रखी जायेगी। साथ ही, पंडालों के आसपास सादी वर्दी में पुरुष और महिला पुलिस जवानों को तैनात किया जाएगा। जो पूजा के दौरान मनचलों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। साथ ही, सभी पीएचसी अपने अपने इलाके में एक-एक चिकित्सकों की एक टीम व जरूरी दवाओं के साथ एम्बुलेंस तैनात रखेंगे। ताकि, आपात स्थिति में हालात पर आसानी से काबू पाया जा सके।

**डीएम ने कहा सजग है प्रशासनः** डीएम रिची पांडेय ने कहा सभी जगहों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावे पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। वर्ष 2019 में दुर्गा पूजा में जिस तरह से घटना हुई थी, उस तरह का कोई भी वारदात न हो इसके लिये जिला प्रशासन और पुलिस सजग है। साथ ही, जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि अगर कोई भी अधिकारी या कर्मी डियूटी के दरम्यान किसी तरह की कोताही करते हैं तो उसे जिला प्रशासन बर्दाश्त नहीं करेगा।

**पूजा में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे :** इधर, एसपी दीपक रंजन ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर कुल 134 प्वाइंट बनाये गए है। सभी जगहों पर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही, पूजा में खलल डालने वाले कि किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, इस बैठक में डीएम रिची पांडेय एसपी दीपक रंजन, एएसपी हरिशंकर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार के अलावे जिले के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

**2019 में दंगे की चपेट में आया था जहानाबाद शहर :** दरअसल में 2019 में जहानाबाद शहर दुर्गा पूजा के दरम्यान दंगे की चपेट में आ गया था। घटना में शहर की दर्जनों दुकानों में लूट और आगजनी की वारदात हुई थी। इसमें एक व्यक्ति को मौत के घाट भी उतार दिया गया था और कई लोग जख्मी भी हुए थी।

## एक नजर

### चोरी के विरोध पर मारपीट में जख्मी महिला की डेढ़ माह बाद मौत, आरोपित गिरफ्तार



**आरा।** जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के पीपरा गांव में मारपीट में जख्मी बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। डेढ़ माह बाद इलाज के दौरान उन्होंने आरा सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतका पीपरा गांव वार्ड नंबर 3 निवासी जालिम साव की 65 वषीर्या पत्नी सोमारो देवी थी। टाउन थाना पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह पीपरा गांव का रहने वाला विकास यादव है। इधर, मृत महिला के पुत्र महेश साव ने बताया कि बीते 26 अगस्त की रात उसके घर के सभी लोग सोए थे। तभी गांव के ही विकास यादव नामक युवक चोरी के नियत से उसके घर में घुसा था। तभी उनकी मां की आंख खुल गयी और विरोध करने लगी। इस पर उस युवक द्वारा उनकी मां की लात-घुसों से जमकर पिटाई कर दी गयी थी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी थी और उनकी जांघ की हड्डी टूट गई थी। उसके बाद से उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा था। 36 दिन चले इलाज के बाद शनिवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। उसके बाद टाउन थाना पुलिस को सूचना दी गयी। महेश साव ने बताया कि 26 अगस्त से पहले भी उनके घर में चोरों की घटना हो चुकी है। उसे लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन भी स्थानीय थाना में दिया गया था। इधर गड़हनी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मारपीट के बाद विकास यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। शुक्रवार की रात ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बीच महिला की मौत हो गयी। ऐसे में मामला अब हत्या में बदल जायेगा। वहीं महिला की मौत से घर में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि महिला को तीन पुत्र महेश साव, गणेशा साव, दिनेश साव, पुत्री सीमा कुमारी और राजकुमारी है।

### संदिग्ध हालात में जहरीली पदार्थ खाने से महिला की मौत, हत्या का आरोप

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना अंतर्गत बलबतरा बांध के समीप रविवार की शाम संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनां द्वारा महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। लेकिन, उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी श्रवण चौधरी की 35 वषीर्या पत्नी कबूतरी देवी थी। महिला के बेटे धन कुमार ने रिश्ते में चाचा और मां के कथित प्रेमी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगा रहा है। टाउन थाने की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद घटना की छानबीन में जुट गयी है। महिला के दाये हाथ पर श्रवण चौधरी और कबूतरी देवी, तो बायें हाथ पर राहुल व कबूतरी देवी लिखा हुआ है। राहुल महिला का कथित प्रेमी बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला रविवार की शाम बलबतरा बांध के बेहोश की हालत में पड़ी थी। निजी क्लीनिक के कर्मचारी की नजर उस पर पड़ी और डायल 112 नंबर पर सूचना दी। उस आधार पर 112 नंबर पुलिस पहुंची और उसे सदर अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मृत महिला के पुत्र धन कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह उसकी मां ने बच्चों के लिए कपड़ा खरीदने आरा जाने के नाम पर उससे दो हजार रुपये लिया था। उसके बाद वह घर से चली गयी थी। इसी बीच या घटना हो गयी। उसके बाद गांव के ही चाचा से फोन के जरिए घटना की सूचना मिली और अस्पताल पहुंचा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इसे लेकर मृतक के बेटे सहित अन्य परिजनों से जानकारी ली गयी। पुलिस का कहना पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### धारदार हथियार से हत्या कर फेंका गया अज्ञात युवक का शव बरामद

**आरा।** भोजपुर जिला एवं सारण (छपरा) जिला के सीमावर्ती इलाके से धारदार हथियार से हत्या कर फेंका गया एक अज्ञात 30 वर्षीय से युवक का शव बरामद हुआ है। शव के मिलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बड़हरा थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते हैं बड़हरा थाना इंचार्ज जयंत प्रकाश अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की मौत कहीं से लाकर धारदार हथियार से काट व मारकर किया गया प्रतीत होता है।

### सांप के डंसने से गार्ड की मौत

**आरा।** जिले में सांप मारने के दौरान एक व्यक्ति को मरतेझमरते विषैले सांप ने डंस लिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा गांव निवासी स्व. रामकिशोर राय के पुत्र अशोक कुमार राय (67 वर्षीय) हैं। वह जगदीशपुर स्थित संजेवियर स्कूल में गार्ड का काम करते थे। इधर, संजेवियर स्कूल के फादर आनंद ने बताया कि वह हमारे स्कूल में गार्ड थे एवं अपने गार्ड रूम में बैठे हुए थे। जिसके बाद अशोक राय डंडा से सांप को मार रहे थे,सांप तो उसी समय मर गया लेकिन मरते मरते विषैले सांप ने उन्हें भी डस लिया था। सांप के डसने के कुछ ही मिनटों में अशोक की तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद हमलोगो ने मरे सांप को पॉलीथिन में डालकर सांप के साथ उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया।

# सनातन संस्कृति की पहचान है नवरात्र, समर्पित भाव से करें पूजा : मिथिलेश

- चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता ने डुमरांव में विधि विधान से खोला मां दुर्गा के मूर्ति का पट

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नवरात्र सनातन संस्कृति की पहचान है। हमें समर्पित भाव से पूजा करनी चाहिए। यही सनातन संस्कृति है। उक्त बातें जिले के राजपुर प्रखंड के खरवनिया निवासी तथा चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता मिथिलेश पाठक ने रविवार को डुमरांव में कही। वे शहर के हरिजी के हाता में भारतीय कला निकेतन श्री दुर्गा पूजा समिति के बुलावे पर बतौर मुख्य अतिथि बन आए थे। इसके पहले वे विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फिता काट पंडाल का उदघाटन किए तथा वहा स्थापित मां दुर्गा समेत अन्य मूर्तियों का पट खोल दशहरा मेला का श्रीगणेश किए। इस दौरान श्रद्धालु भक्तों के जयघोष से हरिजी के हाता का इलाका गूंजायमान हो गया था। अपने संबोधन में उन्होंने सनातन संस्कृति को दुनिया की सभी संस्कृतियों का जनक बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में एक बढ़कर एक कई परंपराए है। सभी परंपराओं का उदेश्य मानवता का कल्याण व सृष्टि का विकास करना है। उन्होंने कहा कि हमें कोई भी पूजा पाठ श्रद्धा भाव व समर्पित भाव से करना चाहिए। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से अपनी योजना भी साझा की तथा बताया कि वे सनातन धर्म के नाम पर बक्सर में एक लंगर चलाना चाहते है। जिसमें उन्हें युवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए भी प्रयत्नशील है। श्री पाठक कहा कि डुमरांव का काफी धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व है। हरिजी के हाता का नामकरण पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह पवित्र धरती है। यहा आकर उन्हें काफी अच्छा लगा। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों तथा सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र ओझा को यहा बुलाने के लिए धन्यवाद भी दिया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक चौरसिया, सचिव विक्की कुमार, रंजन कुमार, अजित कुमार सिंह उर्फ गोल्डी, सुनील कुमार सिंह उर्फ शिशु, संजय शर्मा, अजितेश कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे। मंच संचालन मिस्टर मनोज ने किया।



हरिजी के हाता में मूर्ति का पट खोलते मिथिलेश पाठक

## शहर छोटी खबरें

### शराब के साथ तस्कर धराया

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने 180 बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज महेश यादव सिमरी थाना क्षेत्र के खरहाटांड़ गांव का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी डुमरी रोड से गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। नया भोजपुर ओपी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उसे गुप्त सूचना पर पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि वह शराब की होम डिलीवरी करने जा रहा था।

### दुर्घटना में युवक जख्मी

**नावानगर।** नावानगर थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में रविवार को डंफर व बाइक की टक्कर में बाइक चालक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जबकि उसकी बाइक भी बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जख्मी बाइक चालक को आस पास में मौजूद लोगों द्वारा तत्काल नावानगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद उसे घर भेज दिया है। उसकी पहचान नियाजीपुर के जयप्रकाश के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह मलियाबाग की तरह से आ रहा था। जबकि डंफर डुमरांव की तरफ से मलियाबाग की ओर जा रही थी। बंधन बैंक के पास दोनों वाहनों का टक्कर हो गया। हालांकि दुर्घटना के बाद युवक चाट में फेंका गया था।

### 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगी इंटर की सेंटअप परीक्षा

**बक्सर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटर सेंटअप परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दिया गया है। बताया जाता है कि 2023 की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत नियमित, स्वतंत्र एवं चयनित कोटि के छात्र-छात्राओं की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों की सेंटअप जांच परीक्षा प्लस टू विद्यालय एवं कॉलेज के सतर पर संचालित होगी। सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों की सेंटअप जांच परीक्षा आगामी 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। जांच परीक्षा के आयोजन के लिए गोपनीय एजेंसी द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय को प्रश्नपत्र उपलब्ध करा दिया गया है। जिला अंतर्गत सभी मान्यता प्राप्त प्लस टू विद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रधान अथवा उनके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि प्रश्नपत्र 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## आकर्षण का केन्द्र बने है रंगीन लाइट व भव्य पंडाल

# शुरू हुआ दशहरा मेला : जयकारे के साथ खुले मूर्तियों के पट, दर्शन व पूजन के लिए उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज। बक्सर टीम**

रविवार को पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा तथा अन्य मूर्तियों के पट खुलते ही चार दिवसीय दशहरा मेला शुरू हो गया है। परंपरागत तरीके से शारदीय नवरात्र के सप्तमी के दिन पट खोला जाता है तथा विजयादशमी तक दशहरा मेला की धूम रहती है। रविवार को बक्सर तथा डुमरांव के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पूजा पंडालों में स्थापित मूर्तियों का पट विधि विधान से खोला गया।


इस दौरान श्रद्धालु भक्तों के जयघोष व करतल ध्वनियों से इलाका गूंजायमान हो गया था। जिले के बक्सर तथा डुमरांव दोनों शहरी क्षेत्र शाम ढलते ही रंगीन लाईटों से नहा गया था। पूजा समितियों के प्रयास से शहर के चप्पे-चप्पे पर लाइट व डेकोरेशन की व्यवस्था की गई है। सभी पूजा समिति एक दूसरे से खुद को बेहतर साबित करने के लिए जी जान से लगी थी। पट खुलने के बाद इसका नजारा भी देखा गया। पहले दिन ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न पंडालों में जा मां के दर्शन व पूजन किए।

इसके अलावा दशहरा मेला घुमने वाले बच्चें तथा युवाओं की कतार भी मध्य रात्रि तक लगी रही। दशहरा मेला शुरू होते ही लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।

इधर पुलिस प्रशासन भी मेले पर पैनी नजर बनाए हुए है। दोनों शहरी क्षेत्रों में वाच टॉवर से पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी पल पल की स्थिति का जायजा लेते दिखे। जबकि पंडालों के पास उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने में पूजा समिति के सदस्यों की भूमिका भी सराहनीय रही।



पट खुलने के बाद माता के पुजन में लिन कमिटी के सदस्य



हरिजी के हाता में बनाया गया भव्य पंडाल



चौक रोड में लगा तिरंगा लाइट

## एक नजर

### नौ दिनों तक तड़पने के बाद जिंदगी से हार गई अंजली



**बक्सर।** नवरात्र के नौ दिनों में शक्ति की अराध्य देवी मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। लेकिन इसी नवरात्रि में जिले के एक बहु नौ दिनों तक तड़पने के बाद आखिकार जिंदगी की जंग हार गई है। हम बात कर रहे है पति की बेवफाई में बूरी तरह से जली धनसोई थाना क्षेत्र के कमरपुर की बहू व उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले की बेटी अंजली की। रविवार को वाराणसी स्थित बीएचयू के ट्रामा सेंटर में अंजली ने अंतिम सांस ली है। लेकिन इसके साथ ही वह समाज के लिए कई सवाल भी छोड़ गई है। आखिर सभ्य समाज का तगमा लेने वाले कबतक दहेज के लिए बहुओ को प्रताड़ित करते रहेंगे तथा कब तक समाज ऐसे दानवों को सजा दिलाने के लिए चुप बैठता है। यहा बता दें कि अंजली शादी के बाद से ही अपने पति के बेवफाई से परेशान थी। उसके पति सूर्यदेव राय का अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध था। जिसका विरोध अंजली कर रही थी। इसी विरोध के कारण 24 सितंबर को सूर्यदेव ने अंजली को किरासन छिड़क जला दिया। जिससे वह बूरी तरह से झुलस गई थी। लेकिन उसकी दरिंदगी यही नहीं रूकी बल्कि आग में बूरी तरह से जलने के बाद अंजली पानी मांग रही थी। लेकिन उसका पति पानी देने के बदले मोबाईल से वीडियो बना उससे यह कहलवाने का प्रयास कर रहा था कि वह स्वीकारे कि उसने खुद से आग लगाई है। वीडियो में यह साफ सुना जा रहा था कि उसके घरवाले भी कह रहे थे कि यह स्वीकारने के बाद ही उसे पानी व दवा दिया जाएगा। बहरहाल उसके ममेरे भाई की तहरीर पर धनसोई थाने में पति, ससुर, सास तथा भाभी पूजा देवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। लेकिन नौ दिनों में पुलिस सिर्फ उसके ससुर कमलेश राय को ही गिरफ्तार कर सकी है। बाकी आरोपी फरार हो गए है। इधर उसके मायके वालों ने स्थानीय पुलिस पर इस मामले में शिथिलता बरतने के आरोप भी लगाए है। बहरहाल अंजली के मौत के बाद यह देखना भी दिलचस्प हो गया है कि पुलिस उसके हत्यारों को कबतक गिरफ्तार कर पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाती है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

### छत के उपर से गुजरती है मौत, अटकी रहती है सांसे



**सिमरी।** प्रखंड के डुमरी गांव के वार्ड पांच स्थित दलित बस्ती के दर्जनों परिवार हर दिन भगवान को स्मरण कर सोते है। उनकी जान भी भगवान भरोसे ही बची है। घर से उपर से गुजरने वाले हाई टेंशन तार के चलते हर दिन उनका सामना मौत से होता है। सबसे अधिक चिंता बाल बच्चों की सलामती को लेकर रहती है। बता दें कि बिजली कंपनी द्वारा बस्ती के उपर से 11 हजार क्षमता के हाई टेंशन तार को ले जाया गया है। जिस कारण कभी भी तार के टूटने पर दर्जनों परिवार पलक झपकते ही मौत के मुंह में समां सकते है। बस्ती की लखमुनिया देवी ने कहा उनके परिवार के साथ ही बस्ती के दर्जन भर परिवार वाले हर दिन मौत के नीचे सोते है। गंगा दयाल का कहना है कि बिजली कंपनी के अधिकारियों से कई बार तार को हटाने की गुहार लगाई गई है। लेकिन कंपनी के अधिकारी उदासीन बैठे हैं। जिस कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं, लोगों का कहना है कि इस गंभीर समस्या से परेशान बस्ती वालों ने अनुमंडल लोक शिकायत का दरवाजा भी खटखटाया है। लेकिन अभी तक इसका भी कुछ परिणाम सामने नहीं आ सका है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उनके घरों के उपर से हाई टेंशन तार गुजरने से वे हर समय चिंतिंत रहते है। बस्ती के मुन्ना राम, संजय राम, अजय राम, सुदर्शन राम, विशाल राम आदि ने बक्सर डीएम अमन समीर से इस मामले में पहल कर उनके घरों के उपर से उच्च क्षमता के धारा प्रवाहित तार को हटाने की मांग की है।

# एसपी को मिल रही बधाइयां, कुख्यात मुन्ना राजभर की गिरफ्तारी से जनता खुश

## एक बार फिर राजपुर इलाके में भय का माहौल हो रहा था कायम

**अविनाश उपाध्याय/बक्सर**

कुख्यात अपराधी सुरेश राजभर भले ही एनकाउंटर में मारा गया था। लेकिन, पिछले पांच वर्षो से उसके भाई मुन्ना राजभर ने जो आतंक राजपुर थाना क्षेत्र में मचा रखा था। उसका शनिवार को अंत हो गया। नाम बदलकर घुम रहे अपराधी को पुलिस ने जिस योजना के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद से एसपी को बधाइयां मिल रही हैं। इससे जुड़ी खबर जब रविवार को मीडिया में आई तो बहुत से लोगों ने एसपी को धन्यवाद दिया। यह खबर भले ही सबके लिए सिर्फ एक सूचना मात्र हो। लेकिन, जिन लोगों को वह फोन पर धमकी दे रहा था। अथवा जिन सात लोगों को उसने मौत के घाट उतारा था। सबके परिजनों ने पुलिस कप्तान को दुआएं दी हैं। वर्ष 2010 में जब सुरेश राजभर मारा गया था। उस समय के तत्कालीन एसपी उपेन्द्र सिन्हा को गेलेंट्री अवार्ड मिला। उस घटना में एक बात और देखने को मिली थी। कुछ छः अपराधी मारे गए थे। लेकिन, किसी का शव लेने कोई नहीं आया। तब मुन्ना राजभर उत्तर प्रदेश की जेल में बंद था। सूत्रों की माने यह गाजीपुर जिला के भदौरा का रहने वाला है। लेकिन, सुरेश राजभर के साथ इसका परिवार जिले के इटवां में आकर बस गया था।

उसके बाद ही यह परिवार बक्सर और गाजीपुर दोनों जिलों में अक्सर घटनाओं को अंजाम देता रहा। हालांकि उसकी गिरफ्तारी बहुत ही चुनौती पूर्ण थी। क्योंकि पुलिस के पास उसका कोई सुराग नहीं था। शनिवार की शाम जब वह गिरफ्तार हुआ तो पता चला।

उसने अपना नाम मायाशंकर राम रख लिया था। इतना ही नहीं उसने इसके कागजात भी बना लिए थे। लेकिन, एसपी ने यूपी की जेल से जब उसके रिकार्ड मंगाए तो उसकी कलई खुलती चल गई। जिला पुलिस की इस उपलब्धि के साथ ही बक्सर के एसपी नीरज कुमार सिंह का नाम भी यहां के इतिहास में जुड़ गया हैं। जिसके लिए जिले के लोग उन्हें याद करेंगे।



नीरज कुमार सिंह, एसपी, बक्सर

# फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल व सदस्यों की बैठक में कई बातों पर हुई चर्चा

- एफपीओ से किसानों को जोड़ने के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के इटाढ़ी प्रखंड स्थित उनवास गांव में रविवार को शिवपूजन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की एक अहम बैठक हुई। जिसमें निदेशक मंडल व सदस्य मौजूद थे। यह बैठक उनवास स्थित कंपनी के प्रधान कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में कंपनी के विस्तार, शेयर होल्डर सदस्यों में बढ़ोतरी पर चर्चा, किसानों के उत्थान में उचित मार्गदर्शन तथा किसानों को मिलने वाले सरकारी लाभ के तहत अनुदान दिलाने की चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित किसानों को बताया गया कि कंपनी का उर्वरक बीज एवं कीटनाशक दवा का लाइसेंस निर्गत हो गया है। सदस्य किसानों को सरकारी मूल्य 1350 रुपये पर डीएपी व 265 रुपये पर यूरिया दिया जाएगा। कंपनी डायरेक्टर नागेंद्र प्रताप सिंह ने सुझाव दिया कि छोटा पोस्टर बनवा कर किसानों के बीच वितरण किया जाए जिसमें कंपनी से जुड़ने वाले किसानों को क्या-क्या लाभ मिल सकता है इसकी जानकारी हो। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को इस एफपीओ से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। बैठक में जय शंकर सिंह, यशवंत कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह, विनय तिवारी, सिपाही सिंह, श्याम जी पाठक, संजय सिंह के साथ कंपनी सीईओ भी उपस्थित थे।



### बक्सर में मजदूर की संदेहास्पद मौत, उलझन में पड़ी पुलिस



**बक्सर।** बक्सर के मठिया मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय छठू राम की संदेहास्पद मौत हो गई है। उसका शव उसके कमरे में औंधे मुंह पड़ा था। परिजनों ने कमरे के ऊपर लगे शेड को उखाड़ शव को बाहर निकाला। उसके चेहरे पर जख्म के निशान तथा जहां वह गिरा था वहां खून के छींटे मिले हैं। परिजन उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि 2 दिन पूर्व मूसहर बिरादरी के लोगों के साथ उसका विवाद हुआ था। हालांकि वह जिस कमरे में पड़ा था वह अंदर से बंद था। ऐसे में उसकी मौत का रहस्य गहरा गया है। जानकारी के अनुसार उसकी पत्नी सदर अस्पताल में काम करती है। अहले सुबह चार बजे वह अपनी पत्नी को छोड़ने सदर अस्पताल गया था। उसकी पत्नी सुबह सात बजे घर लौटी तो देखा कि उसके पति का कमरा अंदर से बंद था। वह काफी देर तक आवाज लगाई लेकिन अंदर से कुछ जबाव नहीं आया। इसके बाद घर के अन्य लोगों ने मिलकर कमरे के ऊपर लगे शेड को उखाड़ जब अंदर पहुंचे तो देखा कि छठू औंधे मुंह गिरा था। परिजन जब उसे सीधा किए तो देखे कि उसकी मौत हो चुकी है तथा उसके जबड़े पर जख्म के निशान मिले तथा वहा खून के छींटे भी गिरे थे। इसकी सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के बयान तथा कमरा अंदर से बंद होने के बाद पुलिस इस मामले में खुद उलझी हुई है। नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# दांतों में गंदगी के कारण फैलती है कई खतरनाक बीमारियां : डॉ. हिमांशु

- दांत और मसूड़ों को करें अच्छे से साफ, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है यह आदत

**केटी न्यूज/बक्सर**

दांत और मसूड़ों की अच्छी से सफाई करनी चाहिए। हमें सुबह में जगने के बाद तथा रात में सोनें से पहले दांत को अच्छी तरह से साफ करने की आदत डालनी चाहिए। उक्त बातें डुमरांव के युवा दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि दांत तथा मसूड़ों को साफ रखकर हम कई बीमारियों से बच सकते है। डॉ. पांडेय ने कहा कि हमारें पेट की कई बीमारियां दांतों की गंदगी की वजह से फैलती है। उन्होंने कहा कि कुछ भी खाने के बाद तुरतं हमें दांतो की सफाई करनी चाहिए। इसके अलावे पान, गुटखा तथा किसी भी तरह के निकोटिन के सेवन से परहेज करना चाहिए। इससे दांत व मंसूड़े दोनों खराब होते है। डॉ. हिमांश ने कहा कि स्वस्च्छ दांत व मजबूत मसूड़े अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें दांतों के साथ साथ मसूड़ों की सफाई पर भी ध्यान देना चाहिए तथा दांत या मंसूड़े में परेशानी आने पर तत्काल किसी दंत चिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। बता दें कि डॉ. हिमांशु डुमरांव के कुशल दंत चिकित्सकों में गिने जाते है। उनके द्वारा अबतक सैंकड़ों मरीजों के दांतों की सफल सर्जरी भी की जा चुकी है।

**टूटे जबड़े का सर्जरी कर पाई थी सुर्खियां:** पिछले साल नावानगर थाना क्षेत्र के अतिमी निवासी शिवजी पांडेय के पुत्र शुभम पांडेय का जबड़ा एक बाइक दुर्घटना में तीन हिस्सों में टूट गया था। जिस कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई थी। उसे सर्जरी की सख्त आवश्यकता थी। जिला मुख्यालय के दंत चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया था। तब सामजिक कार्यकताओं द्वारा पीड़ित परिजनों को डॉ. हिमांशु का नाम सुझाया गया। इसकी जानकारी मिलते ही रात में ही डॉ. हिमांशु ने अपने सहयोगियों के साथ मिल उस युवक के बोन फेसियल का सफल सर्जरी कर उसकी जान बचाई थी। इसके बाद से हिमांशु की गिनती उच्च कोटि के दंत चिकित्सकों में होने लगी थी। डॉ. हिमांशु ने बताया कि शुभम का मामला काफी गंभीर था। चोट अधिक लगने से वह काफी परेशान था तथा चेहरे में सूजन के वजह से इलाज में भी परेशानी आ रही थी

**गरीब मरीजों का करते है मुफ्त इलाज:** डॉ. हिमांशु गरीब मरीजों को मुफ्त सलाह व इलाज के साथ जरूरत पड़ने पर उन्हें मुफ्त दवा भी देते है। उन्होंने बताया कि समाज के जरूरतमंद व कमजोर वर्गों का मदद हर किसी को करना चाहिए। उनके मरीज अच्छे इलाज के साथ ही उनके कुशल व्यवहार के कायल भी रहते है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सिर्फ पेशा ही नहीं बल्कि एक धर्म भी है।





दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु पांडेय

## शहर छोटी खबरें

### खेलने के दौरान गंगा में डूबा किशोर

**बलिया (हल्दी)।** हल्दी थाना क्षेत्र केहरपुर के समीप गंगा नदी में डूब रहे तीन भाइयों में से एक डूब गया। घटना में दो भाइयों को घाट पर उपस्थित महिलाओं ने किसी तरह से बचा लिया। बताया जाता है कि रविवार की सुबह गंगौली निवासी सूरज सिंह (11 वर्ष) पुत्र राजू सिंह अपनी मां और अपने दो भाइयों के साथ के-हरपुर के समीप गंगा नदी में स्नान करने गया हुआ था। तीनों भाई गंगा नदी में स्नान कर रहे थे और मां किनारे थी। स्नान करते समय तीनों अचानक डूबने लगे। यह देखकर घाट पर होहल्ला शुरू हो गया। लड़कों की मां अन्य महिलाओं के सहयोग से किसी तरह दो भाइयों को बचा लिया गया। जबकि सूरज गहरे पानी मे चले गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू की। देरशाम तक उसका शव नहीं मिल पाया था।

### चार को बलिया में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**बलिया।** बलिया में जनेश्वर मिश्र सेतू तिराहा व्यासी से आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए कलश यात्रा चार अक्टूबर मंगलवार को निकलेगी। इसके लिए 10 बजे से यात्रा खत्म होने तक दुबहड़-बलिया व शहर में बड़े वाहनों का आना प्रतिबंध रहेगा। प्रमुख मार्ग पर रूट डायवर्जन रहेगा। कलश यात्रा यज्ञ स्थल व्यासी से शुरू होकर एनएच-31 सहरसपाली, कदमचौराहा, रेलवे स्टेशन से चौक, हनुमान गढ़ी मंदिर, बिचला घाट चौकी से रिंग बंधा से होते हुए कदम चौराहा से जनाडी के लिए जाएगी।

### दुष्कर्मी मौसेरे भाई को पुलिस ने भेजा जेल

**बलिया।** जिले के मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी मौसेरी बहन के साथ रिश्ते को कलंकित किया है। युवक को मनियर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मंगल देव यादव उर्फ साधु पुत्र गंगाधारी यादव निवासी कंसपुर दियारे कोतवाली बलिया का अपनी मौसी के घर मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में आना जाना था। वहां से उसने अपने मौसेरे भाई का बाइक 27 मार्च को मांग कर ले गया। लेकिन उसे वापस नहीं किया। इस संबंध में पीड़ित युवक ने मनियर थाने में तीन अप्रैल को तहरीर दिया, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिर मंगल देव ने अपनी मौसेरी बहन को उसी बाइक पर बैठाकर 6 मई को अपहरण कर लिया। जिसकी तहरीर 13 मई को मनियर थाने में दिया गया।

### चोरी के समान के साथ धराए तीन चोर

**गाजीपुर।** शादियाबाद थाना पुलिस ने बेरमपुर की तरफ जाने वाले नहर पटरी के पास से तीन चोरों को गिरफ्तार किया। एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने बताया कि सूचना मिली कि परेवा नहर से बैरनपुर की तरफ जाने वाले मार्ग पर तीनव्यक्ति चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल वहां पहुंचकर उनको गिरफ्तार कर लिया। जिनमें भुड़कुड़ा थाना के इब्राहिमपुर निवासी मनीष कुमार, राहुल भारद्वाज व शादियाबाद थाना के गुरैनी निवासी राजन राजभर बताया।

# अध्यात्म : सूर्य को फल समझ उसे खाने के लिए हनुमान ने लगाई आकाश में छलांग

- विजयादशमी महोत्सव के दौरान 15वें दिन 'हनुमत जन्म' व 'लंका दहन' का हुआ सफल मंचन



**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आज पंद्रहवें दिन रविवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान "हनुमत जन्म" नामक प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि सूर्य के वर से सुवर्ण के बने हुए सुमेरु में केसरी का राज्य था। उसकी अति सुंदरी अंजना नामक स्त्री थी। एक बार अंजना ने शुचिस्नान करके सुंदर वस्त्राभूषण धारण किया। उस समय पवन देव ने उसके कर्णरन्ध्र में प्रवेश कर आते समय आश्वासन दिया कि तेरे यहां सूर्य, अग्नि एवं सुवर्ण के समान तेजस्वी, वेद-वेदांगों का मर्मज्ञ, विश्वन्द्य महाबली पुत्र होगा। आगे चलकर कार्तिक मास कृष्ण चतुर्दशी की महानिशा में अंजना के उदर से हनुमान जी उत्पन्न हए। दो प्रहर बाद सूर्योदय होते ही उन्हें भूख लगी। माता फल लाने गई। इधर, सूर्य को फल मान कर हनुमान उसको लेने के लिए आकाश में उछल पड़े। तब इंद्र ने हनुमान जी पर वज्र-प्रहार किया। उससे इनकी ठोड़ी टेढ़ी हो गई, जिससे ये हनुमान कहलाए। इंद्र की इस दृष्टता का दंड देने के लिए पवन देव ने प्राणि मात्र का वायु संचार रोक दिया।तब ब्रह्मादि सभी देवों ने हनुमान को वर दिए।ब्रह्माजी ने अमितायु का, इंद्र ने वज्र से हत न होने का, सूर्य ने अपने शतांश तेज से युक्त और संपूर्ण शास्त्रों के विशेषज्ञ होने का, वरुण ने पाश और जल से अभय रहने का, यम ने यमदंड से अवध्य और पाश से नाश न होने का, कुबेर ने शत्रुमर्दिनी गदा से निःशंख रहने का, शंकर ने प्रमत्त और अजेय योद्धाओं से जय प्राप्त करने का और विश्वकर्मा ने मय के बनाए हुए सभी प्रकार के दुर्बोध्य और असह्य, अस्त्र, शस्त्र तथा यंत्रादि से कुछ भी क्षति न होने का वर दिया। इस दृश्य को देख दर्शक रोमांचित हो जय श्री राम का उद्घोष करते हैं।

**माता सीता खोज में सभी पहुंचे समुद्र के समीप :** वहीं देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान "लंका दहन" नामक प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि सुग्रीव को राज्य मिलने के बाद वह श्री राम की सुध लेना भूल जाते हैं। तब लक्ष्मण जी किष्किंधा जाकर उन पर भारी क्रोध करते हैं उसके बाद सुग्रीव जी बंदर, भालूओं को सीता की खोज के लिए सभी दिशाओं में भेजते है। इधर हनुमान, जामवंत, नल, नील, अंगद जी सभी माता सीता को ढूंढने के लिए चल देते हैं। सीता का पता लगाते हुए सभी बंदर और भालू समुद्र के समीप पहुंच जाते हैं। सभी वीर समुद्र पार करने में अपनी असमर्थता दिखाते हैं। इसके बाद जामवंत जी हनुमान जी को उनके बल का स्मरण दिलाते हैं । तब हनुमान जी गर्जना करके समुद्र मार्ग में चल देते हैं। आगे बढ़ने पर उन्हें सर्पों की माता सुरसा दिखाई देती है। जो हनुमान जी को खाने के लिए सौ योजन का मुंह फैलाए हुए रहती है। हनुमान जी चतुराई करते हुए अपना छोटा सा रूप बनाकर सुरसा के मुख्य में प्रवेश करके बाहर निकल जाते हैं। आगे बढ़ने पर एक सिंध नाम का की राक्षसी मिलती है। उसको मार कर हनुमान जी लंका के द्वार पर पहुंचते हैं। जहां उन्हें लंकिनी से भेंट होता है। वह लंकनी का उद्धार करते हुए लंका में प्रवेश करते हैं।

**विभीषण हनुमान को सीता जी का पता बताते हैं :** लंका में देखते देखते वह विभीषण जी के महलों में पहुंचते हैं। वहां विभीषण हनुमान को सीता जी का पता बताते हैं। तब हनुमान जी अशोक वन पहुंचकर श्रीराम जी द्वारा दी हुई मुद्रिका माता सीता को देते हैं, और माता को समझा कर फल खाने के बहाने अशोक वन को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर देते हैं। यह सुनकर रावण कई योद्धाओं को भेजता है, अपने पुत्र अक्षय कुमार को भी भेजता है। अक्षय कुमार के मारे जाने के बाद मेघनाथ आते हैं और ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर हनुमान जी को पकड़ लेते हैं। जिसके बाद उन्हें रावण की सभा में सबके सामने ले आते हैं। जहां रावण की सभा हनुमान जी के पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। तब हनुमान जी छोटा सा रूप बनाकर लंका में आग लगाते हैं और विभीषण के घर को छोड़कर पूरी सोने की लंका को जला डालते हैं। फिर वह समुद्र में अपने पूछ की आग बुझा कर सीता जी के समीप आ जाते हैं। वहां, सीता जी उन्हें चूड़ामणि देकर विदा करती हैं।

# खुलासा : लाइसेंसी पिस्टल के चोरी का विरोध करने पर की गई थी बीएसएफ जवान की पत्नी की हत्या

- धारदार हथियार से की गई थी हत्या, 2 गिरफ्तार; गाजीपुर एसपी ने दी प्रेसवाता कर जानकारी
- 26 सितम्बर को हुई थी महिला की हत्या, जिन्हें मानती थी भतीजा उसी ने विश्वासघात

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सदर थाना अंतर्गत घर के अंदर बीएसएफ जवान की पत्नी की हत्या की खुलासा रविवार को एसपी ने प्रेसवार्ता कर किया। आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। महिला के नृसंश हत्या करने वाले दोनों आरोपियों से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद किया। थाने लाकर पूछताछ के बाद उन्हें स्पेशल सीजेएम के सामने पेश कर जेल भेज दिया गया। एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि बीएसएफ जवान पवन प्रजापति की पत्नी किरण प्रजापति की हत्या में दो आरोपियों को गिरफ्तार



जानकारी देते एसपी व अन्य

किया गया है। जिसमें विपुल यादव पुत्र सुभाष यादव निवासी ग्राम फाक्सगंज और अनीस यादव पुत्र इन्द्र मोहन यादव निवासी हाथीखाना शामिल हैं। गिरफ्तार हत्यारोपियों से घटना में प्रयुक्त खून से सने हुये कपड़े तथा खून से सना हुआ धारदार बांकी भी बरामद किया गया। विपुल यादव ने बताया कि मृतका किरण प्रजापित के पति पवन कुमार प्रजापति की उसके पिता सुभाष यादव के साथ दोस्ती थी, जिसके कारण घर आना जाना था। 26 सितम्बर को विपुल यादव अपने मित्र अनीस यादव के साथ घर में घुसकर लाइसेंसी पिस्टल को निकालने लगा, तो किरण प्रजापति ने विरोध किया। इसके बाद विवाद बढ़ गया, तो विपुल यादव और अनीस यादव ने मिलकर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिय सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर डीवीआर लेकर फरार हो गए। दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### पहचान के चलते उनके घर पर आता-जाता था आरोपी

जिसके इलाज के लिये पवन प्रजापति उन्हें मऊ, बिहार और पंजाब जैसे दूर स्थानों पर इलाज के लिये भेजते थे। जिसके कारण पवन प्रजापति का विपुल यादव पर पूरा विश्वास था। जिससे पवन प्रजापति की अनुपस्थिति में विपुल यादव उनके घर आता जाता था।

### हत्यारोपियों को भतीजे की तरह मानती थी मृतका

पूछताछ में अभियुक्त विपुल यादव ने बताया कि हम लोगों को मृतका जानती पहचानती थी। उसके पति पवन कुमार प्रजापति की उसके पिता सुभाष यादव के साथ गहरी दोस्ती थी। जिससे वह उस पर पूरा विश्वास करते थे और सगे भतीजे की तरह मानते थे।

### सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर साथ ले गए थे

पूछताछ में विपुल ने बताया कि हम लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर डीवीआर लेकर फरार हो गये। साथ ही हत्या में प्रयुक्त हथियार और घटना के समय पहने हुए कपड़े जो खून से सने हुए थे, उसको ले जाकर सुनसान स्थान पर छुपा दिये थे। लूटी गई लाइसेंसी पिस्टल और डीवीआर होने के कारण हम लोगों ने अपने पकड़े जाने की डर से गंगा नदी में फेंक दिया।

### घर में अकेली होने पर आए थे दोनों आरोपी

इसी विश्वास का फायदा उठाकर वारदात के दिन उनके दोनों लड़कों के स्कूल जाने पर विपुल यादव अपने मित्र अनीस यादव के साथ गया। उनके घर में घुस कर उनकी लाइसेंसी पिस्टल को निकालने लगा। किरन प्रजापति ने उसका विरोध किया और कहा कि ऐसा क्यों कर रहे हो। तुम्हारे चाचा से बता दूंगी। इसी बात पर विपुल यादव और उसके साथी अनीस यादव ने मिलकर किरन प्रजापति की बांकी से हत्या कर दी।

## एक नजर

### विद्युत कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली, समय से बिल जमा करने की अपील



रैली में शामिल बिजली कंपनी के कर्मी

**बलिया।** गांधी जयंती के अवसर पर उपभोक्ता जागरूकता अभियान के तहत विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके जैन के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। विद्युत कर्मियों ने तमाम स्लोगन के साथ इसमें प्रतिभाग करते हुए लोगों से समय से बिल जमा करने और विद्युत चोरी रोकने में सहयोग की अपेक्षा की। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों से यह अपील की गई है कि अवैध कनेक्शन का प्रयोग नहीं करें। साथ ही, समय से बिजली बिल जमा करें, ताकि विद्युत अनुरक्षण कर बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 60 करोड़ की बिजली खर्च हो रही है, जबकि 15 करोड़ रुपये के आसपास की ही वसूली है। कहा कि अगर शत प्रतिशत लोग समय से बिल जमा करें तो बलिया में भी 24 घंटे बिजली दी जा सकती है। जागरूकता रैली में अधिशासी अभियंता एके अग्रवाल, आरपी सिंह, आरके सिंह, नगर एसडीओ ऋषिकेश यादव, कार्यालय अधीक्षक दिनेश सिंह के अलावा सभी विद्युत कर्मी थे।

### आईटीबीपी जवान का शव पहुंचा विधायक समेत ग्रामीणों ने श्रद्धाजली

**गाजीपुर।** तहसील क्षेत्र मुहम्मदाबाद के सुरतापुर गांव के सैनिक का पार्थिव शरीर शनिवार को पैतृक आवास पर तिरंगे में लिपटकर पहुंचा। सेना के वाहन में सैनिकों की गारद शहीद का शव लेकर पहुंची तो कस्बे में कोहराम मच गया। हजारों लोगों ने वीर जवान के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। हजारों लोगों ने जवान के पार्थिव शरीर के साथ तिरंगा लेकर अंतिम यात्रा निकाली और उनके आवास पर भारी भीड़ जुटी रही। विधायक सुहैब अंसारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने जवान को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया। सुरतापुर निवासी राम छबीला सिंह यादव आईटीबीपी में कार्यरत थे। पिछले दिनों हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। राम छबीला सिंह की तीन से चार साल तक की सेवा शेष रह गई थी। कुछ दिनों पहले जब वह गांव आए थे, तब उनकी राम छबीला सिंह से भेंट हुई थी। वह सामान्य परिवार से थे। उनके सेना में सेवारत होने के बाद उनके घर की माली हालत कुछ हद तक सुधरी थी। इस समय उनकी तैनाती अरुणांचल प्रदेश में थी। शनिवार को पूरे सम्मान के साथ उनका पार्थिव शरीर उनके गांव लाया गया।

### तीन अक्टूबर से 11 नवंबर तक छपरा-दिल्ली विशेष ट्रेन का होगा संचालन

**बलिया।** जिले में दशहरा, दीपावली व छठ त्यौहार के समय महानगरों से आने वाली सभी ट्रेनों में टिकट नहीं मिल रहे। अपनों संग त्यौहार मनाने के लिए रेलवे फेस्टिवल विशेष ट्रेन का संचालन कर रहा है। इसी क्रम में 05315/05316 छपरा-दिल्ली-छपरा विशेष द्विसाप्ताहिक ट्रेन का संचालन 12 फेरों के लिए करेगा। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05315 छपरा-दिल्ली स्पेशल तीन अक्टूबर से 10 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को छपरा से 11.15 बजे प्रस्थान कर बलिया स्टेशन पर 12.28 बजे पहुंचेगी। युसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औड़िहार, जौनपुर, अयोध्या कैंट से दूसरे दिन मुरादाबाद, हापुड़ होते हुए 11.20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। चार अक्टूबर से 11 नवंबर तक 05316 दिल्ली-छपरा स्पेशल प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से दो बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद, लखनऊ, अयोध्या कैंट, जौनपुर, औड़िहार से बलिया स्टेशन 11.58 बजे पहुंचेगी, वहां से दोपहर 01.30 बजे छपरा जंक्सन पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन के संचालन से त्योहारों पर अपने घर आने वाले यात्रियों को बहुत ही सहूलियत मिली है, वह त्योहार मना कर वापस चला जाएगा।

## शिक्षा को महत्व देने वालों की तरक्की हुई है : शमीम खान

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला अल्पसंख्यक समिति बलिया के तत्वधान में सूर्योदय पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति के प्रांगण में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एम इलियास ने कहा कि हजरत मो. मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए। उन्होंने पूरी दुनिया को अमन भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम दिया। उन्होंने कई सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मुहिम चलाई। महिलाओं को समाज में सर्वोच्च स्थान दिया। जकात का सिस्टम लगाकर उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी चैरिटी दी। एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मो. शमीम खान ने कहा कि पूरी दुनिया का सात समंदर भी अगर स्याही बना दी जाए, तो भी रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की



कार्यक्रम में संबोधन करते अतिथि

तारीफ नहीं लिखी जा सकती। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में अगर सबसे अधिक जोर दिया तो वह शिक्षा है। जिस समाज ने शिक्षा के महत्व को जाना उसकी तरक्की हुई। यह अफसोस का मकाम है कि सबसे ज्यादा अशिक्षित हिंदुस्तान में इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग हैं। अगर आप चाहते हैं कि तरक्की करें, तो इल्म की रस्सी को मजबूती से पकड़ना पड़ेगा। कार्यक्रम को एडवोकेट औसत अली, एआईएमआईएम पार्टी के पूर्वांचल सचिव कालिका प्रसाद, जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, प्रमुख जिला महासचिव महताब आलम, शिवजी पांडेय रसराज, तेज नारायण सिंह, संतोष प्रताप सिंह, कालिका प्रसाद, मास्टर अजीमुद्दीन, नियाज अहमद, मोहम्मद नसीम खान, अब्दुल्लाह अंसारी, हाफिज अख्तर रजा, तंजील अहमद, लक्ष्मण यादव, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन प्रसाद, छोटू राम इत्यादि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अशोक जी ने किया व कार्यक्रम का संचालन व आभार डॉ. एमए आजमी ने किया।

## इंसाफ के लिए सत्याग्रह : अपहृत हुए दो सगे बेटों के लिए मां-पिता लगा रहे न्याय की गुहार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

इंसाफ के उम्मीद में गांधी जयंती के दिन सरयू पांडेय पार्क में एक दिवसीय सत्याग्रह किया। जिसका कारण गाजीपुर में 85 दिन पहले अपहृत सगे भाइयों के स्वजनों ने परिजनों के समर्थन में जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अरुण सिंह समर्थकों संग पार्क में डटे रहे। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी गौरव कुमार सिंह से परिजनों ने अपनी व्यथा बताते हुए बच्चों की बरामदगी की गुहार लगाई। रौजा के आवास विकास कॉलोनी निवासी हनुमान प्रजापति के दो बच्चे नागेन्द्र और सच्चिदानंद स्कूल से आते समय लापता हो गए थे। इनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाद में परिजनों द्वारा नामजद तहरीर भी दी गई। मामले का खुलासा न होता देख स्वजन काफी दिनों से सरयू पांडेय पार्क में धरनारत हैं। उसी क्रम में आज स्वजन संग अरुण सिंह एक दिवसीय सत्याग्रह पर



पार्क में बैठे। उन्होंने कहा कि अपहृत दोनों बच्चों की घटना का अब तक पदार्फाश कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने से जनता में आक्रोश है। उन्होंने तत्काल पदार्फाश कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए बच्चों को घर वापस मां बाप के पास पहुंचाने एवं निष्पक्ष तथा स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की। प्रदर्शन में रणजीत सिंह ज्ञानेंद्र सिंह बबलू, राजेश सिंह गुड्डू, गौतम मिश्र, जयप्रकाश केसरी, राजन सिंह, राजू सिंह, अवनीश, हर्ष एनुद्दीन आदि समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## साइबर सेल ने वापस कराए 9.17 लाख रुपये ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए थे चार पीड़ित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के साइबर सेल ने साइबर अपराध के चार पीड़ितों के कुल 917990 रुपये वापस कराने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी ने बताया कि आवेदक सत्येन्द्र चौहान निवासी रायपुर थाना-मरदह के द्वारा अपनी शिकायत में बताया गया था कि उनकी बहन सुमित्रा चौहान के खातें से 7.6 लाख रुपये का अवैध ट्रांजेक्शन हुआ है। शिकायत पर साइबर सेल टीम ने अवैध ट्रांजेक्शन जिन पेमेंट गेटवे के माध्यम से हुए थे। संबंधित कम्पनी/मर्चेन्ट को जरिए मेल पत्राचार कर एवं दूरभाष पर संपर्क कर अवैध ट्रांजेक्शन रोकने और ट्रांजेक्शन की जानकारी हासिल की ही। कार्रवाई के फलस्वरूप पीड़ित की गाढ़ी कमाई के 7 लाख रुपये को खाते में वापस कराया गया। इसी प्रकार ऑफलाइन/ऑनलाइन प्राप्त प्राथार्ना पत्रों पर कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की गाढ़ी कमाई के कुल रुपये 217990 को खातें में वापस कराया गया। जिनमें धर्मेन्द्र निवासी सौरम थाना नन्दगंज के 171514 रुपये, सुबाष यादव निवासी बेलवा रसूलपुर देवकठीया थाना जंगीपुर के 40476 रुपये व सुशान्त श्रीवास्तव निवासी ददरीघाट थाना कोतवाली के 6000 रुपये वापस कराए गए।

**कर्मों का फल होता है जिस तरह जल नहीं रहे तो तरंग और फेन का अस्तित्व नहीं**

## मनुष्य को हमेशा कर्मवादी होना चाहिए, भाग्यवादी नहीं : स्वामी

**केटी न्यूज/बलिया**

मनुष्य मनुष्य को कर्मवादी होना चाहिए, भाग्यवादी नहीं। भाग्य स्वतंत्र नहीं होता। यह के कर्मों का फल होता है। जिस तरह जल नहीं रहे तो तरंग और फेन का अस्तित्व नहीं, उसी तरह कर्म के बिना भाग्य का निमार्ण नहीं हो सकता। मनुष्य अपने सुख-दुख का कारण स्वयं है। वर्तमान के कर्म ही भविष्य में प्रारब्ध बनकर भाग्य रचते हैं। "नहीं कोई सुख-दुख कर दाता, निज कृत कर्म भोग सुनु आता।" उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने बलिया चातुर्मास्य यज्ञ में प्रवचन करते हुए



कहीं। श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद भागवत महापुराण कथा के तहत प्रहलाद जी द्वारा प्रजा को दिए गए उपदेश की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान पक्षपात नहीं करते, वे निष्पक्ष हैं। जिसमें पक्षपात आ जाये, वह भगवान नहीं देवता हो सकता है। जब राक्षस साधना द्वारा बल प्राप्त करके देवाताओं पर अत्याचार करते हैं, तब भगवान राक्षसों का दमन करते हैं। यदि भगवान पक्षपाती होते तो विमलात्मा, संत, साधु और सज्जन निरंतर उनका स्मरण जप-तप नहीं करते। भगवान ही एक मात्र ध्येय, ज्ञेय, प्रेय और श्रेय हैं। हम शरीर शुद्धि के लिए भगवान का ही नाम स्मरण करते हैं। भगवान का लक्ष्य मर्यादित जीव की रक्षा और अमर्यादित जीव का नाश करना है ।

स्वामी जी ने कहा कि धर्म निर्माण नहीं किया जाता, वह सृष्टि के साथ उत्पन्न होता है। धर्म को मानव जीवन से हटा दिया जाय तो जीवन को कोई महत्त्व नहीं रहा जाता। इसलिए धर्म कभी भी किसी भी परिस्थिति में त्याज्य नहीं है। पूरे विश्व में लगभग चार हजार पंथ हैं। धर्म के एक-दो सिद्धान्त को लेकर अपने अनुसार परोसना ही पंथ है। भगवान के लय-पूजा और साधना से जो अच्छाईयां प्राप्त होती हैं, उनको समाज में लिपिबद्ध कर परोसना और समझाना ही दर्शन कहा जाता है।